केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 298 बुधवार 22 मई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### भाजपा विधायक के करीबी के घर पर छापा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

हर्रैया (बस्ती)। लोकसभा चुनाव के मतदान से पूर्व एक बार फिर हर्रैया इलाका सुर्खियों में छाया रहा। उड़ाका दल (एफएसटी) की टीम ने पुलिस बल के साथ सोमवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे हर्रैया ब्लॉक के ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष अर्जुन सिंह के घर छापेमारी की। मजिस्ट्रेट व पुलिस वाहन देखकर पूरे गांव में हड़कंप मच गया। करीब 45 मिनट तक चली जांच–पड़ताल में टीम को कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। टीम के जाते ही ग्राम प्रधान के घर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। बता दें कि अर्जुन सिंह हर्रैया विधायक के करीबी माने जाते हैं।

### शत प्रतिशत मतदान के लिये रैली



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

विक्रमजोत (बस्ती)। विक्रमजोत ब्लॉक द्वारा खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार कौशल के नेतृत्व में ब्लॉक कर्मचारियों और सफाईकर्मियों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मोटरसाइकिल रैली निकाली। मंगलवार की सुबह ब्लाक पर सैकड़ों मोटरसाइकिल और वाहनो एकट्ठा हुए। जिसे मतदाता जागरूकता अभियान के बैनर पोस्टर से सजाया गया। तत्पश्चात बीडीओ सुनील कुमार कौशल सहित ब्लाक के अधिकारियों के अगुवाई में सैकड़ों सफाईकर्मी शामिल हुए। रैली ब्लाक मुख्यालय से मतदाता जागरूकता रैली पटखापुर, पचवस, विक्रमजोत, पटखापुर, खतमसराय, बस्थनवआ, मलौलीगोसाई छावनी होते हुए वापस ब्लाक पर पहुंची। जंहा बीडीओ ने समापन की घोषणा किया।

### 182 मतदान केन्द्र पर 202 माइक्रो आब्जर्वर तैनात

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। लोकसभा सामान्य निर्वाचन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने में माइक्रो आब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका है। मतदान के दिन मतदेय स्थल पर घटी प्रत्येक घटना का माइक्रो आब्जर्वर संज्ञान लेंगे तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक को इसकी सूचना देंगे। उक्त निर्देश सीडीओ/प्रभारी कार्मिक जयदेव सीएस ने ऑडिटोरियम में आयोजित माइक्रो आब्जर्वर को ट्रेनिंग के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि वे मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करेंगे, चेकलिस्ट के अनुसार रिपोर्ट तैयार करेंगे तथा मतदान समाप्ति के पश्चात उसी दिन शाम को मंडी समिति में आकर शील्ड लिफाफा प्राप्त करायेंगे।

सामान्य प्रेक्षक श्रीमती बबिता ने कहा कि संवेदनशील एवं क्रिटिकल मतदेय स्थलों पर माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। उन्हें यह देखना होगा कि मतदान पार्टी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान करा रहे हैं। किसी प्रकार का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल उन्हें सूचित करें।

प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. विजय प्रताप यादव ने विस्तार से मतदान प्रक्रिया की जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि 5.30 बजे माकपोल शुरू हो जाएगा। कम से कम दो प्रत्याशी के एजेंट की उपस्थिति में माकपोल शुरू कराया जाएगा। माकपोल में निकली पर्ची काले लिफाफे में सील कर अलग से रखी जाएगी। कम से कम 50 वोट डलवाना अनिवार्य है, जिसमें नोटा को भी माकपोल कराया जाएगा। प्रातः ठीक 7.00 बजे से मतदान शुरू हो जाएगा। प्रत्येक 2 घंटे पर मतदान प्रतिशत की जानकारी ऐप के माध्यम से पीठासीन अधिकारी देंगे। उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर मतदान केंद्र के सभी मतदेय स्थलों का बारी–बारी से निरीक्षण करेंगे तथा रिपोर्ट देंगे। प्रशिक्षण का संचालन भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. राज मंगल चौधरी ने किया। उन्होंने बताया कि 182 मतदान केन्द्र पर 202 माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए हैं।

# सपा–कांग्रेस ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया– मोदी

**प्रयागराज (आभा)।** भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने प्रयागराज पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने कहा आज दुनिया में भारत की आवाज बुलंद हुई है। प्रयागराज की जनता में भी उत्साह का माहौल है। आज भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। यूपी विकास की नई ऊंचाई छू रहा है। पीएम मोदी ने इस दौरान सपा सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा, 2017 से पहले यूपी के क्या हाल थे ये लोग भलीभांति जानते हैं। यूपी को सपा–कांग्रेस ने परिवार सर्विस कमीशन बना दिया था। यूपी की प्रतिभाओं को लूटकर इन लोगों ने बर्बाद कर दिया। जनसभा को संबोधित कर रहे पीएम मोदी ने राहुल गांधी को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, शहजादे भारत को बदनाम करने के लिए विदेश जाते हैं और वहां भारत को गाली देते हैं।



पीएम मोदी ने इस दौरान इंडिया गठबंधन के एजेंडे के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, विपक्ष कहता है कि वह सत्ता में आए तो कश्मीर में आर्टिकल–370 फिर से लाएंगे। सीएए कानून को रद्द करेंगे। भ्रष्टाचार के जो कड़े कानून बनाए गए हैं उन्हें भी कैंसिल करेंगे। पीएम मोदी ने कहा, सपा–कांग्रेस का चरित्र विकास विरोधी। सपा–कांग्रेस ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। सपा–कांग्रेस राम मंदिर का बहिष्कार करती हैं। ये लोग सनातन का अपमान करते रहते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा, सपा–कांग्रेस वालों को अपने परिवार के आगे कुछ नहीं दिखता। कांग्रेस आजादी का श्रेय भी एक परिवार को देना चाहती है। पीएम मोदी ने अखिलेश सरकार भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, 2017 से पहले हमारे किसान रात–रात भर जगकर खेत में सिंचाई करते थे।

आज किसानों को भी आसानी से बिजली मिल रही है। आज हमारा प्रयाग, विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रयागराज, रायबरेली, लखनऊ, फोरलेन हाईवे, गंगा एक्सप्रेस–वे, हल्दिया से प्रयागराज तक वॉटर–वे बना है। अमृत स्टेशन और वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। जाम से निजात के लिए हर क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज और अंडरपास बन रहे हैं। आज हर जिले को बराबर और भरपूर बिजली मिल रही है। पहले जो कल्पना नहीं होती थी, आज वह साकार हो रहा है। पहले के समय में उद्योग धंधे चौपट थे, आज भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा, सपा सरकार में व्याारियों से पहले वसूली होती थी, लेकिन जब से भाजपा सरकार आई है माफिया के खिलाफ यूपी में सफाई अभियान चल रहा है।

सपा सरकार में माफिया गरीबों की जमीनों पर कब्जा करते थे। उसके अवैध महल तोड़कर भाजपा सरकार गरीबों के लिए घर बनवा रही है। उन्होंने आगे कहा, सपा सरकार कैसे आपके सपनों का सौदा करती थी? मेहनत आपकी, योग्यता आपकी, लेकिन नौकरी किसी और को मिलती थी। नौकरी दी जाती थी जाति देखकर।

## वृद्ध रामराज ने लगाया न्याय की गुहार फर्जी मुकदमा वापस लेने की मांग



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। पैकोलिया थाना क्षेत्र के रेवटा हरनशरन शुक्ल निवासी वयोवृद्ध रामराज पुत्र स्वर्गीय धुनमुन ने पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी के साथ ही अन्य सम्बंधित अधिकारियों को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। भेजे पत्र में रामराज ने कहा है कि शौचालय के रास्ते को लेकर गांव के ही केशवराम कन्नौजिया, उनके पुत्र उमेश और विकास आदि ने गत 15 मई को भद्दी–भद्दी गालियां देते हुये वाद विवाद किया। मामले की सूचना पैकोलिया पुलिस को 112 नम्बर पर दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। केशवराम कन्नौजिया आदि ने घर में घुसकर मारपीट किया। इस दौरान रामराज, बहू रेशमा, नतोहू सरिता को मारा पीटा। सरिता को गंभीर चोटे आयी है और उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

पत्र में रामराज ने कहा है कि गांव के पूर्व ग्राम प्रधान राजाराम गौतम मामले को तूल दे रहे हैं और पैकोलिया पुलिस ने दबाव प्रभाव में आकर मालती देवी पत्नी उमेश चन्द्र की तहरीर पर सुनील, राम प्रवेश, अवधेश की माता और पत्नी के विरूद्ध भादवि की धारा 504, 506, 323, अनुसूचित जाति नृशंसता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है। रामराज ने समूचे मामले की जांच कराकर फर्जी मुकदमें को समाप्त करने और अपने परिवार के जान माल के रक्षा करने और दोषियों के विरूद्ध उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाया है। रामराज के अनुसार पैकोलिया पुलिस उनका मुकदमा पंजीकृत नहीं कर रही है।

## भाजपा की जीत के लिये भोलू ने झोंकी ताकत



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

**बस्ती ।** लोकसभा चुनाव के निर्णायक अंतिम क्षणों में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी हरीश द्विवेदी को तीसरी बार सांसद बनाने के लिये पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने ताकत झोंक दिया है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं लोकसभा प्रवासी सत्येन्द्र सिंह 'भोलू' ने रूधौली विधानसभा क्षेत्र के रामनगर विकास खण्ड अर्न्तगत मझारी, कांटे खैरा, रामनगर, दुबौली, पलिया, दरियापुर जंगल के साथ ही आस– पास के अनेक गांवों में घर–घर जाकर सम्पर्क किया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा नेता सत्येन्द्र सिंह 'भोलू' ने बताया कि मतदाता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने और हरीश द्विवेदी को पुनः सांसद बनाने को उत्सुक हैं। केन्द्र और प्रदेश सरकार के कल्याणकारी नीतियों और मोदी, योगी की गारण्टी पर उन्हे पूरा भरोसा है। विशेषकर महिलाओं और जिन परिवारों को योजनाओं का लाभ मिला है वे पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में है। दावा किया कि भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी पार्टी के नीति और कार्यक्रम के बूते जीत का रेकार्ड बनायेंगे।

जन सम्पर्क के दौरान भाजपा नेता सत्येन्द्र सिंह भोलू के साथ मुख्य रूप से विभूति पाठक, राधेश्याम पाठक, कमलेश पाठक, प्रदीप कुमार, आशीष कुमार, शुभम, राधेश्याम, पतिराम प्रजापति, रमाकान्त पाठक, रेनू, रमा कुमारी, शालिनी, रिकूं, पप्पू सोनी, आकाश श्रीवास्तव के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

# बोले योगी बस्ती के दोनों हाथ में लड्डू इधर गोरखपुर उधर अयोध्या एयरपोर्ट





–भारतीय बस्ती संवाददाता–

नगर बाजार (बस्ती) । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को संतकबीरनगर में जनसभा को संबोधित करने के बाद बस्ती पहुंचे। बस्ती लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने बस्ती के नगर पंचायत नगर बाजार स्थित सूर्या इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंच कर चुनावी सभा को संबोधित किया। वही बस्ती है जहां पर पुत्रेष्टि यज्ञ हुआ था।

इस दौरान उन्होंने मुंडेरवा मिल के विकास की को बताया। बस्ती के दोनों हाथों में लड्डू इधर गोरखपुर एयरपोर्ट इधर अयोध्या एयरपोर्ट। भव्य राममंदिर में राम लला विराजमान हैं। बोले योगी, जनता कह रही है, जो राम को लाए हैं अब हम उनको लाएंगे। कहा, जो लोग पाकिस्तान का राग अलापते हैं, वो पाकिस्तान चले जाएं। पाकिस्तान में जाने पर उन्हें भीख मांगने का अवसर मिलेगा। विरासत टैक्स, औरंगजेब का जजिया कर रूपी राक्षस है और औरंगजेब की आत्मा सपा और कांग्रेस में घुस चुकी है। बोले, रामद्रोही लोग मिलकर पीएम मोदी को रोकना चाहते हैं, लेकिन जनता 4 जून को जवाब देगी।

उन्होंने कहा कि पांच चरण का चुनाव हो गया है। देश के अंदर एक लहर है, जनता जनार्दन के मन में जो भावनाएं हैं, उसे देखकर मैं कह सकता हूं कि चार जून का परिणाम को लेकर साफ दिखाई दे रहा है। चार जून को चार सौ पार, चार सौ पार का नारा देख समाजवादी पार्टीचारों खाने चित्त हो जाती है।

योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि बताया मेडिकल कॉलेज, हर घर नल, हवाई अड्डा और घर–घर शौचालय है, प्रदेश से जैसे माफियाओं को खत्म किया है, वैसे ही जेई जैसी बीमारी को भी समाप्त किया है।कल्याणकारी योजनाओं से गरीब का कल्याण हो रहा है।

इसी प्रकार योगी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये लोग राम भक्तों पर गोली चलवाते थे। भाजपा सरकार आई तो राम मंदिर का निर्माण हुआ।

उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा सुनके समाजवादी पार्टी कब जाती है क्योंकि वह 67 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है तो वह 400 पार सोच कैसे सकती है ।

उन्होंने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि 25 मई को कमल का बटन दबाकर हरीश द्विवेदी को जिताना है ।

इसके पहले भारत जनता पार्टी के उम्मीदवार और निर्वातमान सांसद हरीश द्विवेदी ने अपने 10 वर्षों के कार्यों को बताते हुए कहा कि इन 10 वर्षों में बस्ती में मेडिकल कॉलेज, रिंग रोड,फोरलेन,ऑडिटोरियम, मुंडेरवा चीनी मिल चलवाने जैसे अनेक कार्य किए हैं ।

जनसभा के संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह ने आभार ज्ञापन किया। जनसभा में पूर्व विधायक रवि सोनकर, राजकिशोर सिंह, दयाराम चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, नगर पंचायत नगर बाजार की अध्यक्ष नीलम सिंह, योगी सरकार में मंत्री सहजानंद राय पूर्व कैबिनेट मंत्री राज किशोर सिंह पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, मंत्री के के सचान, अवधेश सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह भजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा, प्रभारी मंत्री राकेश सचान पूर्व विधायक रवि सोनकर के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक लोग मौजूद रहे।

# भाजपा के गणित को विफल करेंगे मतदाता– अखिलेश

**आजमगढ (आभा)।** उत्तर प्रदेश में 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में सिर्फ एक सीट पर भाजपा लड़ाई में है, बाकी सीट पर जनता उनका सफाया कर देगी। सपा प्रमुख यादव ने लालगंज लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के उम्मीदवार दरोगा प्रसाद सरोज के समर्थन में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'इस बार भाजपा के लोगों ने जो अंकगणित बनाया है, उसे विफल करने का मन उत्तर प्रदेश की जनता ने बना लिया है।श बिना नाम लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी को क्योटो बताते हुए कहा, श्अभी जो आंकड़े तथा सूचना सामने आ रही है, उसके अनुसार भाजपा केवल एक सीट पर लड़ाई में है, वो क्योटो है और बाकी सब भाजपा हार चुकी है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी को क्योटो शैली का शहर बनाने का भरोसा दिया था। यादव के सभा में पहुंचने के बाद भीड़ मंच के पास पहुंचने की कोशिश करने लगी जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। समाचार चौनलों पर प्रसारित हो रहे वीडियो में पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करती दिख रही है और भीड़ खुद को बचाने के लिए इधर–उधर भाग रही है। इसके साथ ही मंच पर मौजूद नेता सभा से शालीनता बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने चिलचिलाती धूप में आये हुए लोगों के उत्साह पर कहा, 'बहुत दिनों से परिवर्तन का यह जोश और उत्साह है लेकिन इसे बचाकर रखिए। ये जो बल्ल्ली टूट जाएगी तो हमारी और आपकी खराब खबर निकल जाएगी।' यादव ने कहा, 'चुनाव शुरू हुआ तो भाजपा के लोग बोले चार सौ पार, लेकिन इस बार जनता 400 हार का नारा लगा रही है।'

भाजपा पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा, 'भाजपा की हर बात झूठ निकली, इनका हर वादा झूठा निकला, पिछले 10 साल का इनका हिसाब–किताब लगाएंगे तो भाजपा की यह सरकार 10 साल तक लूट और झूठ के साथ चली है।' कोरोना संकट में वैक्सीन की चर्चा करते हुए यादव ने कहा, 'इतना लूटा इन्होंने, लूट–लूट कर हमें और आपको जिस कंपनी की वैक्सीन लगवाई, उससे भी पैसा वसूल लिया।' यादव ने कहा, 'सबको जबरन वैक्सीन लगवा दी, खाकी वर्दी वालों को भी लगवा दी। बताइए ! वैक्सीन लगने से जान को खतरा पैदा हो गया कि नहीं हो गया?श सपा प्रमुख ने गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, श्कम से कम हम बच गये, हम लोगों ने वैक्सीन नहीं लगवाई।

# राशन भाजपा, आर.एस.एस. की देन नहीं– मायावती

**जौनपुर (आभा)।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि हर महीने जो आपको राशन मिलता है। वह बीजेपी और एसएसएस की देन नहीं है, आपके टैक्स की देन है। यह गरीबी, बेरोजगारी हटाने के लिए स्थायी समाधान नहीं है। हर हाथ को काम जरूरी है। जिनकी कथनी और करनी में अंतर हो, उन्हें सत्ता में आने से रोकना होगा। विपक्षियों का घोषणापत्र केवल हवा–हवाई है, इसमें जमीनी हकीकत कुछ नहीं है।



बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को जौनपुर के सवंसा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहीं थीं। बसपा सुप्रीमो ने कांग्रेस, भाजपा और सपा पर जमकर निशाना साधा। कहा कि आजादी मिलने पर पहली सरकार में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर कानून मंत्री थे। उस समय उन्होंने दलितों के आरक्षण को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू से कहा था कि जो प्रावधान है, उस हिसाब से आरक्षण नहीं मिल रहा है, यह मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री नहीं दिला सके तब बाबा साहब को मंत्रीमंडल से त्याग पत्र देना पड़ा। आज कांग्रेस के चेले–चाटे कहते हैं कि हम आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, जबकि इनके पुरखे विरोध करते थे। भाजपा भी कम नहीं है। उनकी गलत नीतियों के कारण किसान दुखी है और परेशान है। कहा कि जब प्रदेश में सपा की सरकार थी तो एससी–एससी के आरक्षण को ठीक से नहीं दिया गया।

## बुधवार को पीएम मोदी बस्ती मे

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। बुधवार को राजकीय पॉलीटेक्निक के मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हिस्सा लेंगे।

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा ने व्यापक तैयारियां की हैं। महाविजय संकल्प रैली में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो, इसके लिए जन–जन से संपर्क किया गया।

# कांग्रेस के समन्वय बैठक में निशाने पर रही भाजपा सरकार की नीतियां

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। ईडी, सीबीआई और मीडिया को काबू कर भारतीय जनता पार्टी ने भारत के लोकतंत्र को बहुत कमजोर कर दिया है। ज्वलन्त मुद्दों से दूरी बनाकर भाजपा के लोग राम के नाम पर वोट मांग रहे हैं। यह बातें कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अविनाश पाण्डेय ने कही। वे मालवीय रोड पर एक मैरेज हाल में समन्वय बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये व्यक्त किया।



कांग्रेस नेता ने कहा संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर भारत की निरकुंश सत्ता ने जनता के द्वारा चुने गये दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल दिया। इलेक्टोरेल बाण्ड के जरिये पूंजीपतियों से चंदा लेकर महंगाई बढ़ाने पर मजबूर कर दिया। किसानों, नौजवानों, महिलाओं, सैनिकों का हक मारकर भारतीय जनता पार्टी ने चंद पूंजीपती मित्रों का 16 लाख करोड़ रूपया कर्जा माफ कर दिया और किसानों को एमएसपी देने की बात हुई तो उन्हे आंतकी बताकर उनके राह में कील कांटे बिछा दिये। उन्होने कहा गठबंधन ने बस्ती में रामप्रसाद चौधरी के रूप में सशक्त प्रत्याशी दिया है। उन्हे भारी मतों से जिताकर देश के सबसे उच्च सदन में भेजना होगा।

राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा दो विचारधारायें आपस में लड़ रही हैं। इस देश की रग रग में महात्मा गांधी रचे बसे हैं, यहां गोडसे को जनता किसी कीमत पर समर्थन नही देगी। गठबंधन प्रत्याशी रामप्रसाद चौधरी ने कहा यूपी की योगी सरकार ने 7 सालों में 20 रूपया गन्ना मूल्या बढ़ाया, जबकि सपा ने 5 साल में 100 रूपया मूल्य बढ़ाया था। भाजपा किसानों, नौजवानों, व्यापारियों, महिलाओं की कभी हितैषी नही हो सकती। उन्होने कहा 25 मई को बस्ती की जनता इंडिया गठबंधन पक्ष में अपना फैसला सुनाने जा रही है। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश महासचिव जयकरन वर्मा, देवेन्द्र निषाद, विश्वनाथ चौधरी, सुरेन्द्र मिश्रा, भूमिधर गुप्ता, सुधीर यादव, डा. शीला शर्मा, अशोक श्रीवास्तव, नर्वदेश्वर शुक्ल, शौकत अली नन्हू, डा. वाहिद, डीएम शास्त्री, अमित सिंह, जितेन्द्र चौधरी, राजबहादुर निषाद, अशफाक अहमद आदि ने सम्बोधित किया।

मुख्य रूप से अंबिका सिंह विरेन्द्र प्रताप नारायण पाण्डेय, देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, बसंत चौधरी, अनूप पाण्डेय, अनिरूद्ध त्रिपाठी, गंगा प्रसाद मिश्रा, आदित्य त्रिपाठी, शीतला शुक्ला, रामभवन शुक्ला, बाबूराम सिंह, पिण्टू मिश्रा, लालजीत पहलवान, पवन तिवारी, अतीउल्लाह, रामप्रीत, लक्ष्मी देवी, ज्योति पाण्डेय, महेन्द्र श्रीवास्तव, बृजेश पाण्डेय, राकेश मणि, चन्द्रशेखर वर्मा, जयंत चौधरी, विनय तिवारी, रामबाबू, अमरबहादुर तप्पे, साधू पाण्डेश जमील कादरी, अफजाल अहमद, अजय सिंह, रविन्द्र राजन, सरवर अंसारी, शकुन्तला देवी, सीमा निषाद, इजहार अहमद, हरिनाथ सिंह, साकिर शेख, विनोदरानी, संजीव त्रिपाठी, शिवनरायन पाण्डेय, सर्वेश शुक्ला, अलीम अख्तर, अजमतुल्लाह, रामानुज पाण्डेय, सलाहुद्दी बित्त्न, राकेश पाण्डेय गांधियन, अजय श्रीवास्तव, इमरान खां, चन्द्रप्रकाश पाठक, चंद्रदेव पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, प्रतापनारायण मिश्रा, नफीस अहमद, मीरा सिंह, जावेद अख्तर, मंजू पाण्डेय, मुकुल प्रताप आदि का योगदान रहा।

कार्यक्रम में राजेश कुमार भारती के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की नीतियों, रीतियों से प्रभावित होकर राजमन शर्मा, राजू गौतम, रोहन कुमार, सुरेश कनौजिया, विनय भारती, विजयपाल निषाद, राहुल निषाद, रामप्रकाश, रवि चौधरी, सचिन कनौजिया आदि ने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन किया। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ज्ञानू ने उन्हे फटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। सभी ने सदस्यता ग्रहण करने के उपरान्त कहा कि गठबंधन प्रत्याशी को जिताने के लिये पूरी ताकत लगा देंगे।

# मुख्यमंत्री योगी बोले– इंडी गठबंधन वाले औरंगजेब वाला जजिया कर वसूलेंगे



**संवाददाता–बलरामपुर।** पचपेड़वा के विशुनपुर विश्राम में योगी बोले कि 400 पार का नारा सुनते ही अन्य दलों में बेहोशी छा जाती है। जनता का जवाब होता है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, देश में फिर से हम भगवा लहराएंगे। गरीबों का दृष्टिकोण बदल गया है। वे अपने विरोधियों को पहचान चुके हैं। नए भारत का दर्शन हो रहा है। योगी ने कहा कि मोदी सरकार ने सीमाओं को सुरक्षित किया है। आज आतंकवाद, नक्सली व माओवादियों को प्रश्रय देने की हिम्मत किसी में नहीं है। कांग्रेस सरकार ने हमेशा घोटालों को बढ़ावा दिया। सुबह घोटाले की खबर आती थी तो शाम को कहीं न कहीं से आतंकी विस्फोट की सूचना मिल जाती थी। भाजपा भ्रष्टाचार और आतंकवाद को पूरी तरह रोक दिया है। नक्सलवादियों के हौसले पस्त हो चुके हैं। हाईवे, मेट्रो, रेलवे, मेडिकल कॉलेज, हर घर नल हर घर जल आदि तमाम ऐसी योजनाएं हैं जिसका सीधा लाभ गरीबों को मिला है। मोदी सरकार आने के बाद देश में कोई भी गरीब भूख से नहीं मरा। किसी के घर में राशन की कमी नहीं होने दी गई। साथ ही आवास व पेंशन योजना को बढ़ावा देकर गरीबों को सीधा लाभ पहुंचाया गया है। मोदी सरकार ने बिचौलियों का काम खत्म कर दिया। जनधन योजना का खाता खोलवाकर गरीबों को सीधा पैसा भेजा जा रहा है। देश में कमीशनखोरी बंद हो गई है। मोदी सरकार ने निर्णय लिया है कि 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को पांच लाख रुपए इलाज के नाम पर दिया जाएगा। किसान सम्मान निधि के जरिए हर गरीब को लाभ दिया गया है। थारू जनजाति की संस्कृति को संरक्षित व पुनर्जीवित करने के लिए विशुनपुर विश्राम में म्यूजियम की स्थापना कराई गई है। नेपाल सीमावर्ती लोग पहले गड्ढे व पहाड़ी नालों का पानी पीते थे। अब उन्हें हर घर नल योजना के तहत शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

सीएम योगी ने विकास की बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि गोरखपुर से देवीपाटन तक पहुंचने में छह घंटे का समय लगता था। सड़कों की हालत दयनीय थी। आज यह यात्रा मात्र ढाई घंटे में पूरी हो जाती है। भाजपा सरकार ने बलरामपुर जिले में मां पाटेश्वरी के नाम पर विश्वविद्यालय व अटल बिहारी बाजपेयी के नाम पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपते हुए कहा कि एक–एक कार्यकर्ता पांच–पांच घरों में जाकर प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धियां बताकर उन्हें प्रधानमंत्री बनाने में आम जन का समर्थन मांगे। 25 मई को पहले मतदान फिर जलपान उसके बाद अन्य काम का नारा उन्होंने दिया। विशुनपुर विश्राम की सभा में सीएम योगी के तेवर बदले दिखे। उन्होंने राष्ट्रीयता के नाम पर समर्पण की बात कही तो विकास के अधिकार को सुरक्षित बनाए रखने के लिए मोदी को पुनरू प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। कांग्रेस व सपा को औरंगजेब का समर्थक बताकर उन्हें खूब ललकारा। योगी बोले कि भाजपा ने बिना भेदभाव के सभी जाति धर्म के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया लेकिन कांग्रेस व समाजवादी पार्टी सिर्फ मुस्लिम हितों को प्राथमिकता देती रही है। उन्होंने जनता से पूछा कि वह राष्ट्र प्रेमियों की सरकार चाहती है या राष्ट्र द्रोहियों की। इस पर लोगों ने सीएम का समर्थन करते हुए कहा कि वे राष्ट्र प्रेमियों के साथ रहना चाहेंगे। योगी ने फिर पूछा कि औरंगजेब का साथ देंगे या महाराणा प्रताप का तो लोग बोले कि वे महाराणा प्रताप के वसूलों के साथ रहना चाहेंगे। भीड़ में गजब का उत्साह दिख रहा था। लगभग हर श्रोता के कंधे पर भगवा अंगोछा व भाजपा का झंडा दिख रहा था। उनका आक्रामक तेवर देखकर लोगों के चेहरे पर खुशी दिख रही थी। इस अवसर पर जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, तुलसीपुर महंत मिथलेश नाथ योगी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, डा. अजय सिंह पिंकू, शक्ति सिंह, पचपेड़वा चेयरमैन रवि वर्मा, गैसड़ी के प्रिंस वर्मा, जिला महामंत्री रवि मिश्रा, विनय प्रकाश त्रिपाठी, अब्दुल अजीज खां सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# तेंदुए ने निराश्रित बछड़े को बनाया निवाला, क्षेत्र में दहशत

**संवाददाता–बलरामपुर।** जगदीशपुर रामपुरडीह गांव मंगलवार सुबह गांव से दो किलोमीटर दूर तेंदुए ने निराश्रित बछड़े पर हमला कर मार डाला। शौच करने गए लोग तेंदुआ को देख भाग खड़े हुए। इसी गांव में सोमवार सुबह तेंदुए के हमले में तीन लोग घायल हुए थे। गांव में तेंदुए की दहशत बढ़ी है। गांव के बाहर लगाए गए पिंजरे तक तेंदुआ नहीं पहुंचा। लगभग चार महीने से डेढ़ दर्जन गांवों में तेंदुए का खौफ फैला है। वन विभाग टीम लगातार काम्बिंग कर रही है। लोगों को अकेले खेत की ओर जाने से वन विभाग ने रोका है। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत जगदीशपुर रामपुरडीह गांव में सोमवार सुबह साढ़े छह बजे बालक समेत तीन लोग तेंदुए के हमले में घायल हुए थे। शौच करने गए युवक व बालक पर तेंदुए के हमला करने पर ग्रामीणों ने खदेड़ा तो वह गन्ना खेत में छिप गया था। उप प्रभागीय वनाधिकारी की मौजूदगी में गन्ना खेत में हाका लगाने पर तेंदुआ हमलावर हो गया था। उसने उप प्रभागीय वनाधिकारी के साथ मौजूद युवक को हमला कर घायल किया था। जगदीशपुर रामपुरडीह निवासी आठ वर्षीय मनोज कनौजिया पुत्र राजेन्द्र व 28 वर्षीय मनीष पुत्र छोटकऊ व राजू भारती को पंजा मार घायल कर दिया था। दबाव में आए उप प्रभागीय वनाधिकारी मनोज कुमार गांव में दोपहर बाद तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगवा दिया था। मंगलवार सुबह कुछ ग्रामीण समूह बनाकर खेत की ओर गए थे। उन्होंने गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर किसी कार्य से गए थे। उन्होंने गन्ना खेत किनारे निराश्रित बछड़े का शव पड़ा देखा। जगदीशपुर रामपुरडीह निवासी आधा दर्जन लोग रमेश्वर, राधे, मंगरे, गरीब आदि गांव के उत्तर शौच के लिए गए थे। उनका दावा है कि उन्होंने दूर से ही गन्ना खेत किनारे तेंदुआ बैठा देखा। दहशत में आकर वे गांव की ओर भाग आए। दर्जनों की संख्या में ग्रामीण गन्ना खेत किनारे पहुंचे तो वहां तेंदुआ नहीं मिला। ग्रामीणों ने घटना की सूचना उप प्रभागीय वनाधिकारी मनोज कुमार को दी। वन विभाग टीम गांव पहुंची तो वहां तेंदुए के पगचिन्ह नहीं पाए गए। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले चार महीने से बेलहसा, त्रिलोकपुर, बेनीनगर, बिजुलिया, मदरहवा, हरनहवा सुस्ता, जगदीशपुर रामनगरडीह सहित दर्जन भर गांव में तेंदुए का आतंक फैला है। चार माह के बीच तेंदुए ने सात निराश्रित मवेशियों को निवाला बनाया है। ग्रामीणों का दावा है कि तेंदुआ भांभर, सिरिया व धोबहा नाला के किनारे माद में छिपा रहता है। अब तक तेंदुए के हमले में चार लोग घायल हो चुके हैं। वन विभाग ग्रामीणों को तेंदुए से बचाने के लिए कोई सार्थक प्रयास करता नहीं दिख रहा है। तमाम कोशिश के बावजूद तेंदुए को अब तक पिंजरे में कैद नहीं किया जा सका।

# इकलौते शिक्षक बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत, 5 माह पहले हुई थी शादी



**संवाददाता–गोण्डा।** गोंडा जिले के कंपोजिट विद्यालय परसपुर में तैनात एक शिक्षक की चुनाव ड्यूटी से वापस क्वार्टर जाते समय बाइक नीलगाय से टकरा गई। जिससे घटनास्थल पर ही बाइक के पीछे बैठे शिक्षक की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे साथी शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार की देर रात चुनाव संपन्न होने के बाद शहर के गल्ला मंडी में ईवीएम जमा करने के बाद दो शिक्षक बाइक से परसपुर जा रहे थे। अचानक बालपुर कस्बे के पास बाइक नीलगाय से टकरा गई।

इस हादसे में बाइक के पीछे बैठे शिक्षक की सड़क पर गिरने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे दूसरे शिक्षक ने घायल शिक्षक को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। जबकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक शिक्षक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इटावा जिले के साबितगंज कस्बा के रहने वाले शिक्षक राजकुमार जाटव 37 वर्ष पुत्र हरी बाबू परसपुर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय नंदीर रेती में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। वह परसपुर में किराए का कमरा लेकर रह रहे थे। लोकसभा चुनाव में उनकी ड्यूटी मनकापुर ब्लॉक में प्रथम मतदान अधिकारी के रूप में लगाई गई थी। सोमवार को देर रात इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा करने के बाद जब उन्हें फुर्सत मिली तो वह अपने सहयोगी शिक्षक के साथ परसपुर जा रहे थे। सहयोगी शिक्षक बाइक चला रहे थे। उन्होंने हेलमेट पहन रखी थी। जबकि राजकुमार बाइक के पीछे बैठे थे। दोनों शिक्षक गोंडा लखनऊ हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास उनकी बाइक नीलगाय से टकरा गई। जिससे दोनों शिक्षक दूर जाकर गिरे। जिसमें राजकुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे शिक्षक चंद्रशेखर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिक्षकों के साथ हुई दुर्घटना की जानकारी मिलते ही प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी और परसपुर ब्लाक अध्यक्ष इंद्रप्रताप सिंह मौके पर पहुँचे और घटना पर शोक प्रकट किया। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इस हादसे से बेसिक शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गयी है।

इटावा जिले के रहने वाले मृतक शिक्षक अपने मां–बाप की इकलौती संतान थे। वह परसपुर ब्लाक के कंपोजिट स्कूल नंदौर रेती में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। पांच महीने पहले ही राजकुमार का विवाह हुआ था। लेकिन इस हादसे ने उनका पूरा परिवार उजाड़ दिया।

# चुनाव खत्म होते ही हार–जीत पर आकर ठहर गई चर्चा

**संवाददाता–बलरामपुर।** गोंडा लोकसभा की उतरौला विधानसभा में सोमवार शाम को मतदान समाप्त होने के बाद सभी दलों के प्रत्याशी, समर्थक व आम जनता की निगाहें अब मतगणना परिणाम पर टिकी हुई हैं। इससे पहले सभी लोग हार–जीत का गुणा–भाग करने में लगे हैं। हर कोई अपने–अपने गांव व वार्डों में पड़े मतदान प्रतिशत के आधार पर जीत–हार की बाजी लगा रहा है। कइयों की नजर पार्टी प्रत्याशियों के अलावा बसपा के वोटों पर भी हैं। उन्हें आभास है कि बसपा के वोटों का ग्राफ बढ़ा तो उनकी राह में रोड़ा अटक सकता है। इसे लेकर लोगों बीच जमकर बहसबाजी भी हो रही है। इसके अलावा बूथ की दिनभर गतिविधियों के बारे में प्रत्याशियों के कार्यालय पर देर शाम व मंगलवार सुबह तक चर्चा हो रही थी। सोमवार शाम छह बजे के बाद जब मतदान का शोरगुल थमा तो जीत–हार से बात शुरू होने लगी। देर शाम तक उतरौला के विभिन्न जगहों पर प्रत्याशियों के पक्ष में जीत–हार की जबरदस्त दलीलें दी जा रही थीं। मतदान में कहीं पर मतदाताओं की चुप्पी तो किसी जगह पर मुखर होकर बोलने पर हर कयास को विराम लगा रहा था। मतदान के बाद शहर के गलियों व मोहल्लों की कई दुकानें खुल गईं थीं। बाजार की रौनक भी शाम को लौट आई। मतदान के बाद शहर का दृश्य रहा कि लोग एक दूसरे से अपने–अपने गांव व वार्ड के बारे में जानकारी आदान प्रदान कर रहे थे। किस वार्ड में किस प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी बयार बही उसकी टोह ले रहे थे। नेता, प्रधान, पार्टी पदाधिकारी, सभासद व आमजन देर शाम तक मंथन करते रहे कि मतदान की असली तस्वीर क्या रहा है। किसके पक्ष कितना प्रतिशत वोट पड़ा। पार्टी के सिंबल पर चुनावी वैतरणी पार करने वाले परंपरागत वोटों पर भरोसा जता रहे थे। कौन वफादारी से रहा और किसने ने भीतरघात किया, इसे लेकर भी प्रत्याशी अपने–अपने कार्यालय पर देर शाम तक चर्चा करते रहे। इन सभी के बाद सभी की जुबां से अंतिम बार यहीं निकला कि अब मतगणना के दिन ही सब पता चल जाएगा।

मंगलवार सुबह समाजवादी पार्टी का कार्यालय बंद रहा। तो वहीं भाजपा कार्यालय पर काफी चहल पहल देखने को मिली। भाजपा कार्यालय पर पूर्व सभासद फणींद्र गुप्ता, तोताराम वर्मा, आनंद त्रिपाठी दद्दन, महेंद्र प्रताप सिंह, राजन श्रीवास्तव, देवेंद्र निषाद, जगतमन वर्मा, महेश गुप्ता समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक राम प्रताप वर्मा अपने क्षेत्र के प्रधान और कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी से फोन पर संपर्क कर उनके क्षेत्र की जानकारी करने में लगे रहे। विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि गोंडा लोकसभा का चुनाव भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया एक लाख से अधिक वोटों से जीत की हैट्रिक लगाते हुए तीसरी बार लोकसभा पहुंचेंगे। वहीं भाजपा नेता महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी वर्ग के लोगों ने भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के पक्ष में मतदान किया है उनकी जीत निश्चित है। मतदान के अगले दिन समाजवादी पार्टी का कार्यालय तो बंद था लेकिन सपा के नेता व कार्यकर्ता एक होटल में बैठकर चाय की चुस्कियों के साथ हार जीत का गुणा भाग कर रहे थे। पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी मलिक एजाज अहमद ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर हाल में गोंडा लोकसभा का सीट जीतेगी। क्योंकि सभी धर्म व समुदाय के लोगों ने भाजपा की गलत नीतियों, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व किसानों की दुर्दशा के मुद्दे पर इस बार इंडिया गठबंधन को वोट किया है।

इस बार भारत की जनता मन बना चुकी है कि भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन अतीक अहमद खान ने कहा कि गन्ना किसानों को इस सरकार ने छला है। खेतों की सिंचाई के लिए किसी भी नहर में पानी नहीं है। किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। पढ़ा लिखा युवा सड़कों पर बेरोजगार घूम रहा है। इस मौके पर प्रधान अवकात अनस, अंसार अहमद खान, इजहार खान पप्पू, बहलोल नियाजी, केके यादव, महेश यादव, मनोज यादव समेत अन्य सपाई हार जीत का गुणा भाग करते रहे।

# रात दो बजे तक गल्लामंडी में चला ईवीएम जमा करने का सिलसिला

**संवाददाता–बहराइच।** आंशिक विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम को जमा करने का सिलसिला गल्लामंडी में रात दो बजे तक चला। ईवीएम की जांच व सीलिंग के बाद स्ट्रांग रूम में जमा कराई गई। इस दौरान डीएम मोनिका रानी, एसपी वृंदा शुक्ला भी डटी रहीं। दोनों विस क्षेत्रों की ईवीएम की सुरक्षा को अर्द्धसैनिक बलों को लगाया गया है। चार जून तक ईवीएम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रहेंगी। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों में पयागपुर व कैसरगंज बहराइच की भी शामिल रहीं हैं। इनके 504 मतदान केंद्रों के 813 बूथों पर सोमवार को मतदान हुआ है। छह बजे मतदान समाप्ति के बाद पीठासीन अधिकारियों की टीम कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम लेकर गल्लामंडी पहुंचे। यहां विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखने से पहले नोडल अधिकारियों की ओर से सभी दस्तावेज व ईवीएम की जांच की गई। इसके बाद सुरक्षित रखा गया है। इस दौरान डीएम व एसपी परिसर में भ्रमणशील रहीं। स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखने के बाद अधिकारी गल्लामंडी से निकले। ईवीएम की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था की गई है। अर्द्धसैनिक बल के जवान, पुलिस कर्मी व तीसरी नजर के रूप में स्ट्रांग रूम के चारों ओर सीसी कैमरे लगाए गए हैं। जिनको कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। जहां से नामित अधिकारी व प्रत्याशी भी सीधी नजर रख सकेंगे।

जिले में चौथे व पांचवें चरण का मतदान शांतिपूर्ण से निपटाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली है। अब चार जून को होने वाले मतगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दिया है। पहले मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए सीडीओ रम्या आर की ओर से खाका खींचा जा चुका है। जल्द ही प्रशिक्षण के साथ चार जून को मतगणना के बाद परिणाम सामने आएंगे।

## छात्रों व ग्रामीणों को योग से स्वस्थ रहने का तरीका बताया

**संवाददाता–बलरामपुर।** छात्रों व ग्रामीणों में योग को बढ़ावा देने के लिए आयुष विभाग ने योग प्रशिक्षक तैनात किया है। योग प्रशिक्षक गांवों के प्राथमिक विद्यालयों व उतरौला में स्थित राजकीय यूनानी चिकित्सालय में प्रशिक्षण दे रहे हैं।

योग प्रशिक्षक विजय कुमार मौर्य ने बताया कि वह क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में जाकर वहां के छात्र–छात्राओं को योग का प्रशिक्षण देते हैं। इसी तरह राजकीय यूनानी चिकित्सालय उतरौला में आए मरीजों को योग क्रिया अपनाने की सलाह दी जाती है साथ ही उन्हें योग में प्रशिक्षित किया जाता है। इस योजना से छात्राओं व ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। राजकीय यूनानी चिकित्सक डा. दिनेश कुमार ने बताया कि शासन ने मरीजों व छात्रों को स्वस्थ रहने के लिए योग क्रिया अपनाने की योजना बनाई है। योग क्रिया में प्रशिक्षित करने के लिए संविदा पर योग प्रशिक्षक की तैनाती कर रखी है जो माह में 20 घण्टे अस्पताल व 12 घण्टे विद्यालय में प्रशिक्षण देते हैं। ग्राम सचिवालय में ग्रामीणों को समय–समय पर योग प्रशिक्षण दिया जाता है।

## गला रेत पुत्री की जान लेने वाली मां पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**संवाददाता–बलरामपुर।** पुत्री का गला चाकू से रेतकर जान लेने वाली मानसिक मंदित वाली मां के विरुद्ध हत्या का केस मंगलवार को उतरौला कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया है। मां ने पुत्री की हत्या के बाद अपना भी गला रेत लिया था। उसकी भी हालत गंभीर है। उसका इलाज लखनऊ के प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। सोमवार को नगर के गांधीनगर मोहल्ला निवासी मानसिक मंदित मां ने 15 माह की बेटी की गला रेतकर हत्या कर दी थी। बाद में खुद का भी गला रेत लिया। डाक्टरों ने मां की हालत गंभीर देखते हुए सीएचसी रेफर किया जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। उसके बाद वहां से उसे बहराइच के बाद लखनऊ भेजा गया था। पति राहिल की तहरीर पर नादिया खातून पर पुत्री की हत्या का केस उतरौला कोतवाली में दर्ज हुआ है। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। नादिया खातून की हालत गंभीर है।

# खेत में जबरन कब्जे की एसडीएम से की शिकायत

**संवाददाता–श्रावस्ती।** ग्राम पंचायत घुमना के किसान राम समुझ,भगवानदीन, नंदू, रिंकू व राजकुमारी ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर एक व्यक्ति पर जबरन खेत में कब्जा करने का आरोप लगाया है। किसानों का आरोप है दबंग किस्म के एक व्यक्ति ने उनके खेत को जोतवा लिया है और सीमेन्ट के पिलर लगा कर तार का बाड़ा लगा कर कब्जा कर रहा है। मना करने पर मारपीट पर आमादा हो जाता है। पीड़ितों ने खेत को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है।

# स्कूल जाने के लिए निकले छात्र का शव रेल ट्रैक पर मिला, हत्या की आशंका



**संवाददाता–देवरिया।** घर से पढ़ने के लिए निकले एक छात्र का शव रेल ट्रैक पर मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही कुछ सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पकड़ी बाबू टोला पड़री निवासी राघवेंद्र यादव का 12 वर्षीय पुत्र अर्पित यादव क्षेत्र के अभिज्ञान शिक्षण संस्थान कंचनपुर में कक्षा 8 का छात्र था। उसका छोटा भाई भी इसी स्कूल में कक्षा 4 में पढ़ता है। छोटा भाई स्कूल बस से आता जाता है जबकि अर्पित उसका टिफिन लेकर अपने साइकिल से स्कूल आता जाता था। अर्पित सोमवार की सुबह 8:00 बजे स्कूल के लिए निकला लेकिन चौराहे पर ही किसी लड़के से छोटे भाई का टिफिन भेजवा कर साइकिल लेकर देवरिया की तरफ चला गया। देर शाम तक जब वापस अपने घर नहीं आया तो परिजनों ने थक हार कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी। जब उसका कोई पता नहीं चला तो उन्होंने तरकुलवा पुलिस को तहरीर दी। पुलिस अपहरण का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई। देर शाम उसका शव देवरिया रेलवे स्टेशन के चकियवा ढाला के 500 मीटर पूरब रेलवे ट्रैक पर मिला। छात्र की साइकिल करीब 700 मीटर दूर खड़ी पाई गई।सूचना मिलने की बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कमर में लगे स्कूल बेल के मोनोग्राम से कंचनपुर गांव निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजू भारती को सूचना दी। उसके बाद परिजनों से लेकर विद्यालय तक हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों शव की शिनाख्त की। छात्र के पिता मुरादाबाद में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। घटना के बाद से मां पुनीता देवी का रो–रो कर बुरा हाल है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक देवरिया वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से कंचनपुर लेकर घटनास्थल तक जांच की जा रही है। बहुत जल्द इसका पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

## नशेड़ी बेटे ने पीटकर पिता को किया लहूलुहान

**संवाददाता–श्रावस्ती।** एक नशेड़ी युवक ने अपने पिता को लाठी डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया। गंभीर अवस्था में घायल पिता को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। नवीन मार्डर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र के ग्राम मलंगपुर उर्फ गुलरिहा निवासी मान बहादुर गौतम (59) पुत्र राजाराम गौतम मंगलवार सुबह मंजन कर रहे थे। इस दौरान उनके बेटे कामेश्वर नाथ ने लाठी डंडे से हमला कर दिया और पीटकर लहूलुहान कर दिया। बीच बचाव कराने आई अपनी पत्नी वंदना व बहन नीतू की भी पिटाई कर दी। शोरगुल सुन कर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। इस पर आरोपी कामेश्वर मौके से फरार हो गया। बेटी व बहू ने घायल मान बहादुर को एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया। बहू व बेटी का कहना है कि कामेश्वर नशेड़ी है और वह हर समय नशे में रहता है।

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय– श्रीमान प्रथम अति0 सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

वाद सं0 106/2021

श्रीमती सुभावती सिंह

बनाम

उदयभान सिंह आदि

1. सुरेन्द्र सिंह 2. रवीन्द्र सिंह 3. अनिल सिंह पुत्रगण उदयभान सिंह साकिनान मौजा पैकोलिया तप्पा अतरोह हाल मुकाम वार्ड नं–3 लोहिया नगर पोस्ट बभनान नगर पंचायत बभनान तप्पा अतरोह परगना बस्ती पश्चिम तहसील हर्रैया जिला बस्ती

**तारीख पेशी 22–05–2024**

चूंकि उपरीनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 05 के 22 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 20 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

वाद सं0 1172/2023

अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डी0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती

फरीदा बानो आदि

बनाम

किशमतुन्निशा

1. किशमतुन्निशा पत्नी अशफाक निवासी मोहल्ला दक्षिण दरवाजा मंगल बाजार रोड पुरानी बस्ती तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 25–07–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 25 माह 07 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

वाद सं0 45/2021

अदालत–श्रीमान प्रथम अति0 सिविल जज (जू0डी0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती

रामसिंह आदि

बनाम

सरकार उ0प्र0 आदि

1. सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी महोदय बस्ती 2. उप जिलाधिकारी हर्रैया–बस्ती 3. तहसीलदार महोदय हर्रैया–बस्ती

**तारीख पेशी 28–07–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 28 माह 07 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर स्थान द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा

प्रकीर्ण उत्तराधिकार वाद संख्या–46/2023

प्रेमशीला उम्र करीब 21 वर्ष दत्तक पुत्री घीसा निवासिनी ग्राम बरगदवा पोस्ट उदयराजगंज तप्पा ऐखिन परगना नौगढ़ तहसील शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर

–प्रार्थी/आवेदक

बनाम

इस्टेट

प्रा0 पत्र अन्तर्गत दफा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

**तारीख पेशी 30–05–2024**

अपने पिता/पुत्री मृतक घीसा पुत्र बरखू को देय ऋण और प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये सन 1886 ई0 के अधिनियम 7 के अधीन उत्तराधिकार का आवेदन के लिये।

चूंकि ने प्रमाण पत्र को अभिप्राप्ति के लिये आवेदन दिया है और सन 2024 के 05 के 30 दिवस आवेदन को सुनवाई के लिये नियत हुआ है। अतः यह उदघोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उक्त आवेदन के सम्बन्ध में आपत्ति हो वह स्वयं या अभिवक्ता द्वारा ..10 बजे पूर्वान्ह न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर में नियत दिनांक पर उप संजात होकर अपनी आपत्ति पेश करें। उक्त दिनांक के अवसान पर फिर किसी की आपत्ति न सुनी जायेगी और आवेदन के सम्बन्ध में यथोचित आदेश पारित होगा।

2024 के 05 के 20 दिवस को दिनांकित।

द0 हाकिम

# सपा ने राम भक्तों पर गोली चलाई अब होती है पुष्प वर्षा –सीएम योगी




**संवाददाता–संतकबीर नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कांग्रेस सरकार में सुबह घोटाला और शाम को आतंकी घटनाएं होती थी। दस वर्षों की सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पुराने अतीत व विरासत को समृद्ध किया। पूरे विश्व में भारत का डंका बजा। अयोध्या का भव्य राम मंदिर हमारे 500 वर्षों के तपस्या को सार्थक करने वाला है। आज हर जगह लोग कह रहे हैं कि जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे। पांच चरणों के चुनाव में भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार कर चुकी है। 400 पार का नारा जनता खुद लग रही है। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मेंहदावल के प्रेमलता महिला महाविद्यालय में भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा की पूर्ववर्ती सरकार रामभक्तों पर गोलियां चलाती थी। आज राम भक्तों पर पुष्प वर्षा हो रही है।

कांग्रेस व सपा की सरकार आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेती थी। आज आतंकवादी जहन्नुम पहुंच रहे हैं। मोदी सरकार में देश की सीमाएं सुरक्षित हुई है। इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। देश में नई रेल लाइन, हाईवे तथा सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। सभी को 24 घंटे बिजली मिल रही है। इसके साथ ही गोरखपुर में एम्स, फर्टिलाइजर की स्थापना से विकास की नई तस्वीर बनी है। कबीर मठ में विकास के अनेक कार्य हुए हैं। यह अंतरराष्ट्रीय स्थल बना है। बखिरा का बर्तन उद्योग एक जिला एक उत्पाद के तहत दोबारा जीवित हो रहा है। पहले की सरकार में किसान आत्महत्या करता था। बेटियां सुरक्षित नहीं थी। आज बेटियों को छेड़ने वाले जेल की हवा खा रहे हैं। उन्होंने कहा की कल्याणकारी योजनाओं के तहत गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है। शौचालय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों के जीवनस्तर में बदलाव लाया गया। होली, दीपावली में फ्री गैस सिलेंडर दिया जा रहा है।

सीएम योगी ने तंज कसते हुए कहा कि आज भारत में पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है। क्योंकि उन्हें पता है की देरी हुई तो यह नए युग का भारत है, बदला जरूर पाकिस्तान में घुसकर मारेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता। जबकि गठबंधन आरक्षण का आधा हिस्सा काटकर मुसलमान को देने की बात कह रही है। गठबंधन के लोग सत्ता में आएंगे तो विरासत में टैक्स लगाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विकास व राष्ट्रवाद की जो अलख जगाई है उसे 400 पार के नारे के साथ जनता ने पूरा करने का संकल्प लिया है। इस दौरान निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद, सांसद प्रवीण निषाद, विधायक अंकुर राज तिवारी, गणेश चौहान, अनिल कुमार त्रिपाठी, श्रवण निषाद, पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल, जिला,ध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव, अजय सिंह गौतम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## भाषण दे रहे थे शिवपाल यादव, टूटा मंच, जमीन पर गिरे सपा कार्यकर्ता



**संवाददाता–अंबेडकरनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर इन दिनों सभी राजनीतिक दल जगह–जगह जनसभाएं कर रहे हैं। जनसभाओं के दौरान ज्यादा कार्यकर्ताओं के चढ़ जाने के कारण मंच टूटने की खबरें भी सामने आ रही हैं। ऐसा ही एक मामला यूपी के आंबेडकरनगर से सामने आया है। जलालपुर में सपा की चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया था। जनसभा को संबोधित करने के लिए शिवपाल सिंह यादव पहुंचे थे। शिवपाल सिंह यादव के बगल में भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए। एक ही जगह पर वजन ज्यादा होने के कारण अचानक से मंच टूट गया। मंच टूटते ही ज्यादातर सपा कार्यकर्ता जमीन पर गिर गए। थोड़ी देर के लिए मंच पर अफरातफरी सा माहौल पैदा हो गया। हालांकि मंच टूटते ही शिवपाल सिंह यादव यादव हंस पड़े और कहा, मंच टूटना शुभ संकेत है। अब लालजी वर्मा को जीतने से कोई नहीं रोक सकता। पार्टी जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव की अध्यक्षता में आयोजित जनसभा में शिवपाल यादव ने कहा कि बीजेपी लोकतन्त्र व संविधान को खत्म करना चाहती है। केंद्र व प्रदेश की वर्तमान सरकार बेईमानों की सरकार है इसे उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि पहले और दूसरे चरण में बदायूं और मैनपुरी के चुनाव में भाजपा ने पुलिस के बल पर चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास किया,लेकिन जनता ने लाठी खा कर समाजवादी पार्टी को वोट दिया। शिवपाल सिंह यादव ने जलालपुर के पूर्व विधायक शेर बहादुर सिंह को याद किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी जनता से नहीं बल्कि अधिकारियों से जिताने की बात कर रही है। युवाओं से मुखातिब होते हुए कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। जितनी भर्तियां निकली सबका पेपर लीक होगया। आज बेरोजगार रोजगार के लिए दर–दर भटक रहा है। ऐसी बेईमान सरकार को हटाना ही होगा। सभा को पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर, अम्बिका चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। देश मे इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही जनता ने अपना मन बना लिया। पार्टी प्रत्याशी लालजी वर्मा ने खुद के लिए सभी से समर्थन मांगा। जलालपुर के वरिष्ठ समाजवादी नेता व मुलायम सिंह यादव महिला महाविद्यालय के संस्थापक फूलचन्द यादव के निधन होजाने की सूचना पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव मुलायम सिंह यादव पीजी कालेज पहुंचे और कालेज के प्रबन्धक व पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे फूल चंद यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शिवपाल यादव ने स्व. फूलचन्द यादव के पार्टी के प्रति समर्पण और समाज के लिए उन के योगदान को याद किया और फूलचन्द यादव की पत्नी कलावती यादव, पुत्र शुभम यादव व बहू सोनाली यादव,दामाद दिवाकर यादव व पंकज यादव समेत परिवार के अन्य सदस्यों से मिल कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर मौके पर साथ खड़ा रहने का आश्वाशन दिया।

## प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी युवती टावर पर चढ़ी, पुलिस ने दिलाया शादी कराने का भरोसा



**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** जहांगीरगंज थाना क्षेत्र में प्रेमी से शादी करने की मांग को लेकर एक युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई। युवती को नीचे उतारने के लिए पुलिस के सामने उसने शादी कराने की शर्त रख दी। घंटों मशक्कत के बाद प्रेमिका को समझा बुझाकर टावर से उतार पाने में पुलिस सफल रही। प्रेमिका प्रेमी द्वारा शादी करने से इंकार करने पर शादी कराये जाने की मांग को लेकर टावर पर चढ़ गई थी।

जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती सीएचसी के बगल में स्थित निजी मोबाइल कम्पनी के टावर पर चढ़ गई। युवती के मोबाइल टावर पर चढ़ने की सूचना सभासद बालगोविंद त्रिपाठी ने थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अतुल श्रीवास्तव को दी। युवती के टावर पर चढ़ने की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर आनन फानन में थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव तथा सीओ आलापुर रामबहादुर सिंह मौके पर पहुंचे और युवती से संवाद करने का प्रयास किया लेकिन मोबाइल टावर की ऊंचाई पर चढ़ी युवती तक आवाज न पहुंचने के कारण युवती को साउंड से मोबाइल नंबर देकर कॉल करने के लिए कहा गया। जिसके बाद युवती ने पुलिस द्वारा दिए गए नम्बर पर कॉल की।

युवती ने फोन पर बताया कि थाना क्षेत्र जहांगीरगंज के ऊंचेपुर गांव निवासी उत्तम निषाद के साथ उसका प्रेम–प्रंसग चल रहा है। लेकिन अब वह शादी करने से मना कर रहा है। युवती युवक से शादी कराये जाने की जिद पर अड़ गई। क्षेत्राधिकारी आर बी सिंह और इंस्पेक्टर अतुल कुमार श्रीवास्तव ने काफी देर तक युवती को समझाया तथा युवक से शादी कराने का आश्वासन दिया तब जाकर युवती किसी तरह टावर से उतरने को राजी हुई। युवती के टावर से उतरने के बाद पुलिस ने उसे अपनी अभिरक्षा में ले लिया। युवती का अपने प्रेमी से शादी करने को लेकर किया गया हंगामा लगभग दो घण्टे तक चला।

## यह आज का भारत है छेड़ने पर छोड़ेगा नहीं', पाक पर एटम बम तो हमारे पास क्या... गरजे सीएम योगी



**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार चार सौ पार का नारा गूंज रहा है। सपा प्रदेश के 63 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, सब जगह उसकी जमानत जब्त हो रही है। इंडी एलायंस जनसभाओं में भीड़ न आने से घबरा गई है। जिससे दोनों लड़के झूठ बोलने लगे हैं। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार में गुंडे व भू माफिया जेल में हैं, कुछ का राम नाम सत्य हो गया है, कुछ को उल्टा लटका दिया गया। सपा माफियाओं को संरक्षण देती है। इसलिए हमारे इस कदम से उसको पीड़ा हो रही है। कांग्रेस के शासनकाल में रोज आतंकी हमले होते थे। आज सीमापार के आतंकी खामोश हो गए हैं। पड़ोसी को पता है कि यह आज का हिंदुस्तान है छेड़ने पर छोड़ेगा नहीं।

सीएम ने कहा कि सपा–कांग्रेस बोलती है पाकिस्तान के खिलाफ न बोलो उसके पास एटम बम है...तो हमारे पास पटाखा है क्या। यदि पड़ोसी ने ऐसा दुस्साहस किया तो नक्शे से उसका नामो निशान मिट जाएगा। आज सीमाएं सुरक्षित हैं, देश का चौमुखी विकास हो रहा है। कार्डधारकों का मुफ्त इलाज हो रहा है। शुद्ध पेयजल, शौचालय, उज्जवला योजना से ग्रामीण जीवनशैली बदल गई है। इंसेफलाइटिस पर अंकुश लग गया है। योगी आदित्यनाथ ने सपा प्रत्याशी पर हमला करते हुए कहा यह गोरखपुर व संतकबीर नगर से भगाए गए हैं, इन्हें यहां पनपने न दें। अगर रह गए तो माफिया गरीबों व व्यापारियों को लूटेंगे। रंगदारी वसूली से बचना हो तो भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल को वोट दें। कार्यकर्ताओं से कहा कि अब प्रचार के सिर्फ तीन दिन बचे हैं। हर कार्यकर्ता 5 घरों तक जाएं और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करें। प्रत्याशी जगदंबिका पाल, जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, रामकुमार उर्फ चिंकू यादव, सच्चिदानंद पाण्डेय आदि ने भी संबोधन किया। मंत्री रजनी त्रिपाठी, विधायक जयप्रताप सिंह, श्यामधनी राही, विनय वर्मा, लोकसभा संयोजक समीर त्रिपाठी, राजेन्द्र पाण्डेय, रामकुमार कुंवर, अशोक तिवारी, आनंद सिंह, राजू श्रीवास्तव, मोनी पाण्डेय, मधुसूदन अग्रहरि, सुगंधा अग्रहरि, श्याम सुंदर अग्रहरि, अमरनाथ सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

M.A.C.P.N0 63 / 2021

अदालत–श्रीमान समक्ष मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण महोदय जिला–बस्ती

माया देवी

बनाम

विनोद कुमार

1. विनोद कुमार जायसवाल पुत्र देवमित्र जायसवाल ग्राम धनपतगंज पोस्ट अतरसुमा थाना कुरेभार जिला सुल्तानपुर उ0प्र0 पिन कोड 228121 (पंजीकृत वाहन स्वामी व चालक यू0पी0 44 टी–9287

**तारीख पेशी 22–05–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 22 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 21 माह 05 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

मूलवाद सं0 716 / 2023

अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डी0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती

राम सूरत आदि

बनाम

राम भवन आदि

1. राम भवन उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व0 मुरली 2. श्रीमती जोखना उम्र लगभग 90 वर्ष विधवा स्व0 मुरली निवासीगण ग्राम गूजरपुर तप्पा खुरियार परगना नगर पश्चिम तहसील हरैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 01–08–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 01 माह 08 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### इश्तहार

अन्तर्गत आदेश 1 नियम 8 (2) ज0दि0

न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

प्रकीर्णवाद सं0 151 / 2024

उमाशंकर जायसवाल

बनाम

रामशंकर वारी आदि

1.रामशंकर वारी उम्र करीब 52 वर्ष 2. हरिनरायन वारी उम्र करीब 62 वर्ष 3. श्याम नरायन वारी उम्र करीब 57 वर्ष 4. अजय कुमार वारी उम्र करीब 48 वर्ष 5. विजय कुमार वारी उम्र करीब 45 वर्ष पुत्रगण द्वारिका वारी 6. अशोक कुमार वारी उम्र करीब 57 वर्ष पुत्र अमरिका वारी निवासीगण हैदराबाद तप्पा बेलवा परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 1 नियम 8 जाप्ता दिवानी**

**तारीख पेशी 30–05–2024**

सार्वजनिक सम्पत्ति विवादित स्थान / रास्ता के बावत हितबद्ध सभी व्यक्तियों के फायदे हेतु प्रतिनिधित्व क्षमता में वाद प्रस्तुत किया है तथा वाद के प्रस्तुत करने के साथ साथ आदेश 1 नियम 8 सीपीसी के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था जिसे न्यायालय द्वारा दिनांक को सुनवाई उपरान्त अनुज्ञा दे दिया गया है। और आवेदक / आवेदकगण को प्रतिनिधित्व क्षमाता में वाद प्रस्तुत करने की अनुज्ञा दी जा चुकी है। अतः यह उदघोषणा निकाली जा रही है कि उक्त वाद ग्रस्त सम्पत्ति के सन्दर्भ में जो हितबद्ध व्यक्ति पक्षकार मुकदमा बनना चाहते हो वे न्यायालय द्वारा निर्धारित तिथि 30–05–2024 को 10:00 बजे पूर्वान्ह न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष बनने हेतु कार्यवाही कर सकते है। किसी हितबद्ध व्यक्ति के उपसंचार न होने पर उक्त वाद में नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही जारी रहेगी।

आज सन 20 के माह के दिवस को दिनांकित

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

प्रकीर्णवाद सं0 107 / 2022

अदालत–श्रीमान अपर जिला जज / एफ0टी0सी0 प्रथम महोदय बस्ती जिला–बस्ती

मोहम्मद युनुस

बनाम

हरिबंश (मृतक) आदि

बनाम– 1 / 1 लखपता उम्र 59 साल पत्नी हरिबंश 1 / 2 राजू उम्र 41 साल 1 / 3 राजेश उम्र 31 साल पुत्रगण हरिबंश 1 / 4 मीरा उम्र 34 साल 1 / 5 रीना उम्र 33 साल पुत्रीगण हरिबंश साकिनान ग्राम पड़री मिश्र तप्पा रामगढ़ परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती पो0 अमारी बाजार

–विपक्षी प्रथम वर्ग

2. श्रीमती ज्ञानदेई उम्र लगभग 67 साल पत्नी राम कुमार सिंह साकिनान अशोकपुर तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

–विपक्षी द्वितीय वर्ग

**तारीख पेशी 31–05–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 31 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया। द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर स्थान द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा

प्रकीर्ण उत्तराधिकार वाद संख्या–42 / 2024

फूलमती उर्फ कलावती पुत्री रघुवीर पत्नी राम औतार साकिन सेमरी नगर पंचायत इटवा तहसील इटवा जिला सिद्धार्थनगर हाल मुकाम मो0 द्वारिका नगर (विशुनपुर बौरडीह) नगर पंचायत इटवा तहसील इटवा जिला सिद्धार्थनगर

–प्रार्थी / आवेदक

बनाम

इस्टेट

प्रा0 पत्र अन्तर्गत दफा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

**तारीख पेशी 01–07–2024**

अपने को देय ऋण और प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये सन 1886 ई0 के अधिनियम 7 के अधीन उत्तराधिकार का आवेदन के लिये।

चूंकि ने प्रमाण पत्र को अभिप्राप्ति के लिये आवेदन दिया है और सन 2024 के 07 के 01 दिवस आवेदन को सुनवाई के लिये नियत हुआ है। अतः यह उदघोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उक्त आवेदन के सम्बन्धा में आपत्ति हो वह स्वयं या अभिवक्ता द्वारा ..10 बजे पूर्वान्ह न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर में नियत दिनांक पर उप संजात होकर अपनी आपत्ति पेश करें। उक्त दिनांक के अवसान पर फिर किसी की आपत्ति न सुनी जायेगी और आवेदन के सम्बन्ध में यथोचित आदेश पारित होगा।

2024 के 05 के 21 दिवस को दिनांकित।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला–बस्ती

वाद सं0 349 / 2018

रामनरायन आदि

बनाम

हरीराम आदि

1. हरीराम पुत्र फेरई 3. धर्मेन्द्र कुमार 4. महेन्द्र कुमार 5. शिव कुमार पुत्रगण हरीराम 6. वीरेन्द्र कुमार 7. दिलीप कुमार पुत्रगण मनीराम निवासीगण ग्राम महुआ तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला बस्ती

**तारीख पेशी 29–05–2024**

चूंकि उपरीनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 05 के 29 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 20 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

वाद सं0 1053 / 2018

मस्तराम आदि

बनाम

घिराऊ आदि

1. घिराऊ आयु 60 वर्ष पुत्रउ रामसुख 2. विजय बहादुर आयु 28 वर्ष पुत्र हरिराम निवासीगण ग्राम भैरोपुर तप्पा खुरियार परगना नगर पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 12–08–2024**

चूंकि उपरीनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 08 के 12 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 20 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

## प्रारूप सी–1

(समाचार पत्र, टी.वी. मे प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

### आपराधिक मामलो के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं0 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता– राम प्रसाद चौधरी ग्राम– जिगिना पोस्ट एकडंगी जनपद सन्तकबीर नगर।

राजनैतिक दल का नाम– समाजवादी पार्टी

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखे)

निर्वाचन का नाम– लोकसभा सामान्य 2024

निर्वाचन क्षेत्र का नाम– 61–बस्ती सामान्य

मै, राम प्रसाद चौधरी (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँ।

**(क) लंबित आपराधिक मामले**

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की संख्या एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | C.J.M. / विशेष न्यायालय M.P.M.L.A. बस्ती | 1337 / 16 | लम्बित | धारा 147,148,149, 353, 188, 504, 506 I.P.C. चुनाव से सम्बंधित |
| 2 | C.J.M. / विशेष न्यायालय M.P.M.L.A. बस्ती | 6615 / 23 | लम्बित | धारा143, I.P.C. 51 (बी) आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 |
| 3 | C.J.M. न्यायालय बस्ती | 6057 / 21 | लम्बित | धारा143, I.P.C. 51 (बी) आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 |

**(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण**

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख (खें) | अपराधिक मामलों के लिये दोष सिद्ध के मामलों के सम्बन्ध में विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | एसीजेएम द्वितीय न्यायालय बस्ती 30 / 01 / 2023 | चुनाव से सम्बंधित 180 रूपया अर्थ दण्ड | 180 रूपया |

## प्रारूप सी–1

(समाचार पत्र, टी.वी. मे प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

### आपराधिक मामलो के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं0 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता– हरीश चन्द्र पुत्र साधु शरण ग्राम व पोस्ट कटया जनपद बस्ती

राजनैतिक दल का नाम– भारतीय जनता पार्टी

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखे)

निर्वाचन का नाम– लोकसभा सामान्य 2024

निर्वाचन क्षेत्र का नाम– 61–बस्ती सामान्य

मै, हरीशचन्द्र (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँ।

**(क) लंबित आपराधिक मामले**

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की संख्या एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | C.J.M. / विशेष न्यायालय M.P.M.L.A. बस्ती | 53 / 19 दिनांक 13.05.2019 | अन्तिम रिपोर्ट पर प्रोटेस्ट / सुनवाई | 147,323,504,506, I.P.C. नाजायज रोक हेतु मारना, गाली देना, धमकी देना |
| | लागू नही होता | लागू नही होता | लागू नही होता | लागू नही होता |
| | लागू नही होता | लागू नही होता | लागू नही होता | लागू नही होता |

**(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण**

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
|---|---|---|---|
| | लागू नही होता | लागू नही होता | लागू नही होता |
| | लागू नही होता | लागू नही होता | लागू नही होता |
| | लागू नही होता | लागू नही होता | लागू नही होता |

**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**

संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**

**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–** चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद

**लखनऊ कार्यालय–** आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।

**गोरखपुर कार्यालय–** इलाहीबाग गोरखपुर।

मो09450567450 9336715406,

ई.मेल**bhartiyabasti@yahoo.com**

**bhartiyabasti@gmail.com**